प्रेस नोट

दिनाँक-24.04.2025

“आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती 2023 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों के प्रचलित चिकित्सा परीक्षण / चरित्र सत्यापन केन्द्र का निरीक्षण "

आज दिनांक 24 अप्रैल 2025 को पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर द्वारा पुलिस लाइन हमीरपुर में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों के केन्द्र का निरीक्षण किया गया। चिकित्सा परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चिकित्सा परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इसके अतिरिक्त, मेडिकल बोर्ड के सभी सदस्यों के साथ-साथ अभ्यार्थियों से भी वार्ता की गई। हमीरपुर पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने हेतु प्रतिबद्ध है।